**समाहरणालय, दरभंगा।**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई)**
**बलभद्रपुर, डॉ के0.एन0. झा के सामने, लहेरियासराय, दरभंगा, ई.मेल– (dcpu-dbg-bih@govt.in)**

पत्रांक................../जि0बा0सं0इ0, दरभंगा, दिनांक......................

प्रेषक,

जिला पदाधिकारी,
दरभंगा।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,
बिहार, पटना।

विषयः– लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम, 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों के अस्थायी पदों पर मनोनयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन करने के संबंध में।

प्रसंग :– सचिव, समाज कल्याण, बिहार, पटना का पत्रांक–749, दिनांकः 24.04.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम, 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों के अस्थायी पदों पर मनोनयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि सहायक व्यक्तियों के अस्थायी पदों पर मनोनयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन हेतु सूचना की एक प्रति का विज्ञापन जिला स्तर के प्रमुख समाचार पत्र में प्रकाशन करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः–प्रकाशन से संबंधित प्रपत्र।

विश्वासभाजन

ह0

जिला पदाधिकारी,
दरभंगा

ज्ञापांक– 747 /जि0बा0सं0इ0, दरभंगा, दिनांक 17.06.2026

प्रतिलिपि : जिला सूचना विज्ञान् पदाधिकारी, दरभंगा को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि उक्त सूचना को जिले के बेबसाइट (NIC) पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपि : चयन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को सूचनार्थ।

प्रतिलिपि : निदेशक, समाज कल्याण, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

17/6/26

जिला पदाधिकारी,
दरभंगा

# समाहरणालय, दरभंगा
## (जिला बाल संरक्षण इकाई)
### विज्ञापन सं0–01/2026

सचिव, समाज कल्याण, बिहार, पटना के मार्गदर्शिका ज्ञापांक–748, दिनांक–24.04.2026 एवं पत्रांक–749, दिनांक–24.04.2026 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम, 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों को सूचीबद्ध करने हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है:

| Sl. No. | Name | Number of Support Person | Category wise vacancy | Educational Qualification | Work Experience | Age | Remuneration |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक व्यक्ति (Support Person) | 25 | अनुसूचित जाति/जनजाति–06 (पुरुष–04, महिला–02)<br>पिछड़ा/अतिपिछड़ा–05 (पुरुष–03, महिला–02)<br>अल्पसंख्यक समुदाय–05 (पुरुष–03, महिला–02)<br>अनारक्षित–09 (पुरुष–05, महिला–04) | सामाजिक कार्य (MSW)/समाज शास्त्र/मनोविज्ञान/बाल विकास या विधि में स्नातकोत्तर या, बाल अधिकार/परामर्शन में डिप्लोमा के साथ किसी भी संकाय में स्नातक की डिग्री के साथ–साथ तीन वर्ष का कार्य अनुभव। | बाल अधिकार/बाल संरक्षण/विधिक कार्य/सामाजिक–कार्य/बाल मनोविज्ञान परामर्शदाता/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान के क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का वांछनीय कार्यानुभव। जिला विधिक सेवा प्राधिकार/बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार/जिल बाल संरक्षण इकाई/बाल कल्याण समिति/किशोर न्याय बोर्ड/पॉक्सो न्यायालय अथवा चाइल्डलाइन/चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं में कार्यानुभव को प्राथमिता दी जाएगी। | न्यूनतम 30 वर्ष अधिकतम 65 वर्ष (राज्य में बाल कल्याण समिति के सदस्य के चयन हेतु निर्धारित उम्र) | 9000/- (नौ हजार रुपये मात्र) प्रति पॉक्सो वाद देय होगा (तीन किस्तों में ) |

1. भारत के नागरिक होना चाहिए।
2. दरभंगा जिले का निवासी होना चाहिए।
3. अभ्यर्थी का पूर्ववर्ती इतिहास स्वच्छ होना चाहिए। इनके विरूद्ध भारत में कही भी अपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं रहना चाहिए। वे कभी भी नैतिक दुराचार (Moral Turpitude) दोषी नहीं हों। इस आशय का उन्हें शपथ–पत्र समर्पित करना होगा।
4. बाल संरक्षण अथवा बाल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे किसी संस्थान से निष्कासित अथवा ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए।
5. सहायक व्यक्तियों को दो वर्ष के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।
6. विज्ञापन की विवरणी एवं विहित प्रपत्र जिला प्रशासन, दरभंगा के बेवसाइट https://darbhanga.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।
7. आवेदन '**सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, दरभंगा (बलभद्रपुर, डॉ के0.एन0. झा के सामने, लहेरियासराय, दरभंगा,जिला–दरभंगा पिन–846001)**' के पते पर विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 07.07.2026 के अपराह्न 5 बजे तक केवल स्पीड पोस्ट द्वारा प्राप्त किया जाएगा। लिफाफा के उपर '**विज्ञापन सं0–01/2026 सहायक व्यक्तियों हेतु आवेदन**' का उल्लेख अवश्य होना चाहिए। निर्धारित अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
8. आवेदक आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, अंक प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे।
9. आयु की गणना विज्ञापन की तिथि से की जाएगी।
10. अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता एवं चयन समिति के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।
11. साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
12. साक्षात्कार की तिथि की सूचना एवं सहायक व्यक्तियों का सेवा एवं कर्त्तव्य से संबंधित मार्गदर्शिका जिला बाल संरक्षण इकाई, दरभंगा के कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला प्रशासन, दरभंगा के बेवसाइट https://darbhanga.nic.in पर प्रदर्शित रहेगा।
13. उक्त विज्ञापन के संबंध में सभी प्रकार की सूचना यथा–साक्षात्कार में भाग लेने हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची, अभ्यर्थियों की मनोनयन सूची आदि का प्रकाशन समय–समय पर उक्त बेवसाइट एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा।
14. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार जिला पदाधिकारी, दरभंगा के पास सुरक्षित रहेगा।
15. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में गलत तथ्य या प्रमाण–पत्र देने पर उनका मनोनयन कभी भी रद्द किया जा सकता है।
16. कार्य करने के दौरान प्रतिकूल आचरण पाए जाने पर मनोनयन कभी भी समाप्त किया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी,
दरभंगा